राजस्थान में पंचायत चुनाव का ऐलान, 4 चरणों में होगी वोटिंग

चुनाव की घोषणा के साथ ही ग्रामीण इलाकों में आचार संहिता लागू हुई

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । राजस्थान में पंचायत चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में 4 चरणों में पंचायत चुनाव कराने का फैसला किया है। प्रदेश में पंचायत समितियों व जिला परिषद् सदस्यों के चुनाव पहले चरण में 23 अक्टूबर को, दूसरे चरण में 29 अक्टूबर को, तृतीय चरण में 4 नवंबर को तथा चौथे चरण में 14 नवंबर को करवाए जाएंगे।

इसी प्रकार सरपंच और वार्ड पंच के चुनाव पहले चरण में 25 अक्टूबर, दूसरे चरण में 31 अक्टूबर, तीसरे चरण में 6 नवंबर तथा चौथे चरण में 16 नवंबर को करवाए जाएंगे। सभी सभी चरणों में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। शनिवार को राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने प्रेस कॉफ्रेंस करके इस बारे में जानकारी साझा की। चुनाव की घोषणा के साथ ही ग्रामीण इलाकों में आचार संहिता लागू हो चुकी है।



राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह

वहीं दूसरी ओर पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव के लिए पहले चरण की अधिूसचना 8 अक्टूबर को, दूसरे चरण के लिए 13 अक्टूबर, तीसरा चरण के लिए 19 अक्टूबर तथा चौथे चरण के लिए 21 अक्टूबर को जारी होगी।

- पंचायत समितियों व जिला परिषद् सदस्यों के चुनाव पहले चरण में 23 अक्टूबर को, दूसरे चरण में 29 अक्टूबर को, तृतीय चरण में 4 नवंबर को तथा चौथे चरण में 14 नवंबर को करवाए जाएंगे।
- जबकि सरपंच और वार्ड पंच के चुनाव पहले चरण में 25 अक्टूबर, दूसरे चरण में 31 अक्टूबर, तीसरे चरण में 6 नवंबर तथा चौथे चरण में 16 नवंबर को करवाए जाएंगे।

नामांकन से लेकर अधिसूचना तक का पूरा कार्यक्रम

राजस्थान में पंचायत चुनाव की प्रक्रिया 8 अक्टूबर को लोक सूचना जारी होने के साथ शुरू होगी। उम्मीदवार 13 अक्टूबर तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे।

इसके बाद 14 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 15 अक्टूबर नाम वापस लेने की आखिरी तारीख होगी।

ईवीएम और बैलेट पेपर से होगा मतदान

इस चुनाव में मतदान के लिए दो तरीके अपनाए जाएंगे। सरपंच और वार्ड पंच के चुनाव बैलेट पेपर से होंगे, जबकि पंचायत समिति और जिला परिषद के सदस्यों को चुनने के लिए ईवीएम का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके अलावा, पंचायतीराज संस्थाओं में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। इस बार 41 जिला परिषदों और 457 पंचायत समितियों के चुनाव होंगे। इसके अलावा, 14 हजार 403 ग्राम पंचायतों में सरपंच और वार्ड पंच चुने जाएंगे। चुनाव के जरिए 1403 जिला परिषद सदस्य और 8245 पंचायत समिति सदस्य चुने जाएंगे। इनके अलावा 41 जिला प्रमुख और 457 प्रधान भी चुने जाएंगे। कोटा, श्रीगंगानगर, बारां और करौली में जिला प्रमुखों और सरपंचों के चुनाव 22 दिसंबर को होंगे।

वोटर्स की बात करें तो राजस्थान में कुल मतदाताओं में 51.82 फीसदी पुरुष और 48.18 फीसदी महिलाएं शामिल हैं। जिलों के लिहाज से राजधानी जयपुर में सबसे ज्यादा 18.99 लाख वोटर हैं, जबकि जैसलमेर में सबसे कम 4.36 लाख मतदाता दर्ज हैं। चुनाव आयोग की घोषणा के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में आचार संहिता लागू होने के कारण अब तबादलों पर पूरी तरह रोक रहेगी। साथ ही मंत्रियों के सरकारी वाहनों और सरकारी गेस्ट हाउस या डाक बंगलों के इस्तेमाल पर भी पाबंदी लगा दी गई है। किसी भी तरह की मदद या जानकारी के लिए मतदाता हेल्पलाइन नंबर 1950 पर संपर्क कर सकते है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार परिसीमन एवं पुनर्गठन के बाद अब प्रदेश में 41 जिला परिषद, 457 पंचायत समितियां और 14403 ग्राम पंचायतें चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा होंगी। परिसीमन एवं पुनर्गठन के बाद जिला परिषदों के 1403 निर्वाचन क्षेत्र, पंचायत समितियों के 8245 निर्वाचन क्षेत्र और ग्राम पंचायतों के 1 लाख 30 हजार 589 वार्ड अस्तित्व में आए हैं। ऐसे में इस बार पंचायतीराज चुनाव का दायरा काफी व्यापक रहेगा।

'जहां दिसंबर में कार्यकाल खत्म होगा, वहां तारीखें बाद में जारी होंगी'

आयोग की ओर से जारी सूचना में बताया गया है कि अलग-अलग समय पर कार्यकाल पूरा होने और पूर्व में हुए परिसीमन एवं पुनर्गठन के कारण पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव अलग-अलग समय पर होते रहे हैं। अब प्रदेश में 'वन स्टेट-वन इलेक्शन' की अवधारणा के अनुरूप चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की दिशा में कदम उठाया गया है। हालांकि जिन जिला परिषद और पंचायत समितियों का कार्यकाल दिसंबर 2026 में पूरा होना है, उनके चुनाव के संबंध में आयोग की ओर से बाद में अलग से तारीखें घोषित की जाएंगी।

तीन ग्राम पंचायतों के सरपंच की आरक्षण लॉटरी रद्द करने के आदेश

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश की 3 ग्राम पंचायतों के सरपंच पद के चुनाव के लिए आरक्षण लॉटरी को रद्द करने के आदेश दिए हैं। इसके ाथ ही अदालत ने आरक्षण रोटेशन नियम की पालना करते हुए नए सिरे से लॉटरी निकालने के आदेश दिए हैं। जस्टिस आनंद शर्मा की एकलपीठ ने यह आदेश रविंद्र सिंह व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए। रद्द की गई ग्राम पंचायतों में भरतपुर के उच्चैन की बरीघा ग्राम पंचायत, करौली की श्रीमहावीरजी और अकबरपुर पंचायत समिति शामिल हैं। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आदेश की सत्यापित प्रति प्राप्त होने के सात दिन के भीतर लॉटरी प्रक्रिया पूरी की जाए।

- रद्द की गई ग्राम पंचायतों में भरतपुर के उच्चैन की बरीघा ग्राम पंचायत, करौली की श्रीमहावीरजी और अकबरपुर पंचायत समिति शामिल

याचिकाओं में अधिवक्ता तनवीर अहमद ने अदालत को बताया कि आरक्षण रोटेशन के नियमों के तहत पंचायत बनने के बाद सरपंच पद के चुनाव के लिए सबसे पहले एससी वर्ग को वरीयता दी जाएगी। साल 1994 के राजस्थान पंचायती राज निर्वाचन नियम लागू होने के बाद पहली बार साल 1995 में इन स्थानों पर एससी वर्ग के लिए सरपंच की सीट आरक्षित रखी गई। इसके बाद से अब तक यहां छह बार चुनाव हो चुके हैं और दो बार एससी वर्ग के लिए सीट आरक्षित रखी गई हैं। याचिका में कहा गया कि आरक्षण सर्किल पूरा होने के लिए जरूरी है कि जिस जाति को आरक्षण का लाभ मिल चुका है, उन्हें लॉटरी में शामिल नहीं किया जाए। इसके बावजूद भी इस बार हो रहे सातवें चुनाव में एससी वर्ग को लॉटरी में शामिल किया गया और उनके लिए ही सीट आरक्षित कर दी गई। जिसके चलते सात बार में से तीन बार एससी वर्ग को प्रतिनिधित्व मिल गया। जिससे आरक्षण रोटेशन नियमों की अवहेलना हुई है। इसलिए इन सीटों पर दिए गए एससी आरक्षण को रद्द किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने तीनों पंचायतों के सरपंच पद के लिए निकाली गई लॉटरी को रद्द करते हुए आरक्षण रोटेशन से नए सिरे से लॉटरी निकालने के आदेश दिए हैं।

'गजल एक अहसास' का पोस्टर जारी

जयपुर। 'गजल एक अहसास' के पांचवें संस्करण का आयोजन 10 अक्टूबर 2026 को जयपुर के महाराणा प्रताप सभागार में होगा। कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन शनिवार को ईटरनल हार्ट हॉस्पिटल में डॉ. जितेंद्र सिंह मक्कड़, संजीव जैन और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने किया। म्यूजिक फॉर वेलनेस फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम के संयोजक संजीव जैन पिछले पांच वर्षों से महान गजल गायक जगजीत सिंह पर आधारित इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। कार्यक्रम में संजीव जैन, डॉ. जितेंद्र सिंह मक्कड़, निकिता बंसल, गीतिका चतुर्वेदी, डॉ. निशा गौड़, इंद्रप्रीत सिंह अरोड़ा और गुलशन खत्री गजलों की प्रस्तुति देंगे।

आवश्यकता

विक्रमादित्य महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय
लालसोट बाईपास रोड, गुप्तेश्वर मन्दिर के पीछे, दौसा, E-Mail : dr.PDtiwaRi@gmail.com

बी.एड. हेतु पद
प्राचार्य (1) M.A. 55%, M.Ed. 55% Ph.D., 15 Year Exprience

व्याख्यता (14)
(नागरिक शास्त्र, इतिहास), हिन्दी संस्कृत, सामाजिक अध्ययन, वाणिज्य विज्ञान, भूगोल, राजनीतिक विज्ञान अंग्रेजी, संगीतकला, चित्रकला
योग्यता-(M.A. 55%, M.Ed. 55%, Net)

पुस्तकालयाध्यक्ष- (1) M.A., M.Lib.
प्रयोगशाला सहायक (1)
लिपिक (1)
अकाउटेन्ट (1)
च.श्रे.कर्म (1)

शैक्षणिक योग्यता-विश्वविद्यालय, यूजीसी एवं NCTE रेगूलेशन के मापदण्डानुसार
नोट-सत्यापित प्रमाण पत्रों सहित 15/10/26 तक आवेदन करें।
Mob.No. 9414271527, 9414076680
निदेशक- डॉ.पी.डी.शर्मा-विक्रमादित्य महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, दौसा

नाम परिवर्तन

में लोकेन्द्र सिंह पुत्र श्री सम्पत सिंह निवासी एच-20, मंगलम सिटी आई ब्लॉक, पीथावास हाथोज, झोटवाडा जयपूर राज.302012, मेने अपना नाम लोकेन्द्र सिंह बदलकर लोकेन्द्र सिंह राठौड़ रख लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

मैंने मेरा नाम रोहित कुमार जैन से बदलकर रोहित जैन रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाएं। निवासी 61, गायत्री नगर-बी, महारानी फॉर्म, दुर्गापुरा, जयपुर, राजस्थान।

I Army NoJC756443A. Rank Sub/Maj(Hony Capt) Name-Dayal Chand (Retd.) Add-161-A Suraj Nagar Karni Palace Road Panchyawala Jaipur Raj., Pin - 302034, I Want to Change my Spouse Name From Sumitra to Sumitra Devi Vide Affidavit Dated 07.09.26, Before Sub Divisional Majistrsre Jaipur City First Jaipur.

आम सूचना श्रीमती सीमा देवी पत्नी स्वर्गीय श्री ओमप्रकाश कुमावत ने मेरी अभिभाष्या फर्म बुनियादी विकास गृह निर्माण सहकारी समिति लि0, जयपुर की आवासीय योजना मनु एन्कलेव-फर्स्ट, सबरामपुरा, जयपुर में स्थित एक भूखण्ड संख्या-128, क्षेत्रफल 204.1 वर्गगज के हस्तान्तरण हेतु मूल आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र व मूल दस्तावेज प्रस्तुत किये तथा उक्त भूखण्ड के हस्तान्तरण हेतु समिति को कहा गया है। यदि उक्त भूखण्ड के हस्तान्तरण के सम्बन्ध मे किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, समिति या संगठन को कोई आपत्ति हो तो वो समिति कार्यालय मे या मेरे कार्यालय मे उक्त सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि मे सम्पर्क करें: अन्यथा समिति द्वारा उक्त भूखण्ड का हस्तान्तरण सीमा देवी के नाम कर दिया जायेगा, बाद मियाद गुजरने के कोई उज्ज मान्य नही होगा। [illegible]

आम सूचना [illegible]

आम सूचना [illegible]


आम सूचना [illegible]

रजिस्ट्रेशन नं. 3726/84
मैसर्स :- बनिया एण्ड खींची लवण उद्योग, जाबदीनगर तहसील नावां जिला डीडवाना-कुचामन (राज.)
आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म [illegible]

न्यायालय श्रीमान सिविल न्यायाधीश महोदय, रैणी (अलवर)
[illegible]
वाद बाबत विशिष्ट पालना बय व घोषणात्मक व स्थाई निषेधाज्ञा बनाम प्रतिवादीगण संख्या 1 व 2 को सूचनार्थ
[illegible]
न्यायालय श्रीमान सिविल न्यायाधीश महोदय, रैणी (अलवर)

कार्यालय उपायुक्त, (मुरलीपुरा जोन), नगर निगम जयपुर
सार्वजनिक सूचना [illegible]

नम्बर मिलाइए
8890333139



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

हाथी गांव बना आकर्षण का केंद्र

जयपुर। वन्यजीव सप्ताह 2026 के दूसरे दिन शनिवार को हाथीगांव में हाथियों के संरक्षण, कल्याण और उनके प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हाथियों के महत्व, उनके संरक्षण और मानव-हाथी सह-अस्तित्व का संदेश दिया गया।

उप वन संरक्षक वन्यजीव चिड़ियाघर जयपुर डॉ. आशीष व्यास ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण हाथी सजावट प्रतियोगिता रही, जिसमें हाथी महावतों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके साथ ही पशु कल्याण एवं देखभाल जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इसमें हाथियों की देखभाल, स्वास्थ्य, पोषण और कल्याण से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई।

कन्हैयालाल हत्याकांड के पांच आरोपियों की जमानत याचिकाएं खारिज

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । राजस्थान हाईकोर्ट ने उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड से जुडे पांच आरोपियों को जमानत देने से इनकार करते हुए उनकी जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया है। सीजे संजय के. अग्रवाल और जस्टिस समीर जैन की खंडपीठ ने यह आदेश आरोपी वसीम अली, मुस्लिम खान, मोहसिन खान, मोहम्मद मोहसिन और आरिफ हुसैन की जमानत याचिकाओं को खारिज करते हुए दिए।

- अदालत ने अपने आदेश में कहा कि दिन-दहाड़े पीड़ित की दुकान में घुसकर की गई बेरहम हत्या, और सांप्रदायिक अशांति व दहशत फैलाने के लिए इस जघन्य कृत्य को रिकॉर्ड कर फैलाना, राज्य की नींव पर प्रहार करता है। ऐसी संगठित आतंकी गतिविधि के लिए आपराधिक साजिश का समाज पर बहुत गहरा असर पड़ता है। मामले की परिस्थितियों और ट्रायल को देखते हुए केवल लंबे समय से हिरासत में रहने के आधार पर जमानत नहीं दी जा सकती।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि दिन-दहाड़े पीड़ित की दुकान में घुसकर की गई बेरहम हत्या, और सांप्रदायिक अशांति व दहशत फैलाने के लिए इस जघन्य कृत्य को रिकॉर्ड कर फैलाना, राज्य की नींव पर प्रहार करता है। ऐसी संगठित आतंकी गतिविधि के लिए आपराधिक साजिश का समाज पर बहुत गहरा असर पड़ता है। मामले की परिस्थितियों और ट्रायल को देखते हुए केवल लंबे समय से हिरासत में रहने के आधार पर जमानत नहीं दी जा सकती है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि प्रकरण में की गई टिप्पणियां केवल जमानत याचिकाओं की सुनवाई तक ही सीमित हैं और उन्हें मामले के साक्ष्यों के अंतिम आंकलन के रूप में नहीं माना जाएगा।

जमानत याचिकाओं में कहा गया कि कन्हैयालाल की दुकान के आसपास घटना से पहले उनकी मौजूदगी स्थापित करने वाला कोई सीधा साक्ष्य मौजूद नहीं है। इसके अलावा वे करीब चार साल से जेल में बंद हैं और अभी भी मामले की सुनवाई पूरी होने में लंबा समय लगने की संभावना है। जिसका विरोध करते हुए विशेष लोक अभियोजक स्नेहदीप ने कहा कि सभी याचिकाकर्ता इस हत्याकांड की साजिश में सक्रिय और महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे। गवाहों के बयान और जांच के दौरान सामने आए साक्ष्यों से साबित है कि हत्या पूर्व नियोजित साजिश के तहत की गई थी। आरोपियों ने कन्हैयालाल की रैकी की और मुख्य आरोपियों तक उसकी तस्वीरे भेजी। इसके अलावा कॉल डिटेल और हथियारों की बरामदगी सहित अन्य साक्ष्य भी आरोपियों के खिलाफ हैं। एनआईए की ओर से कहा गया कि मामले की नियमित सुनवाई हो रही है। अभियोजन पक्ष के 180 गवाहों में से अब 89 गवाहों के बयान बाकी हैं और करीब तीस महत्वपूर्ण गवाहों के बयान दर्ज हो चुके हैं। इसलिए आरोपियों को जमानत नहीं दी जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया है।

गौरतलब है कि 28 जून, 2022 को कन्हैयालाल दर्जी अपनी दुकान पर काम कर रहे थे। इस दौरान उनकी बर्बरतापूर्वक गला काटकर हत्या कर दी गई और उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। मामले में एनआईए ने जांच करते हुए रियाज अत्तारी और गौस मोहम्मद सहित अन्य के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया था। मामले में फरहाद मोहम्मद और मोहम्मद जावेद को जमानत मिल चुकी है। वहीं पाक निवासी सलमान और अबू इब्राहिम फरार चल रहे हैं।

रीको के औद्योगिक क्षेत्रों में 500 से अधिक भूखंड आवंटन के लिए उपलब्ध

''प्लग-एंड-प्ले'' सुविधा के लिए 12 शहरों में 28 भूखंडों का होगा आवंटन

जयपुर । प्रदेश में औद्योगिक विकास और निवेश को बढ़ावा देने के लिए रीको ने विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में 500 से अधिक भूखंड ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन के लिए उपलब्ध कराए हैं। इनमें औद्योगिक, व्यावसायिक, लॉजिस्टिक्स, आवासीय, ग्रुप हाउसिंग, अस्पताल, नर्सिंग होम, कियोस्क, स्कूल, दुकान और पेट्रोल पंप सहित विभिन्न श्रेणियों के भूखंड शामिल हैं। इनके लिए ऑनलाइन आवेदन और ईएमडी जमा कराने की अंतिम तिथि 13 और 14 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। रीको ने प्लग एंड प्ले, खेल सुविधाओं और कामकाजी आवास सुविधाओं के विकास के लिए भी ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू की है। इसके तहत जयपुर, अजमेर, बीकानेर, भिवाड़ी-द्वितीय, भरतपुर, कोटा, किशनगढ़, सवाई माधोपुर, उदयपुर, झालावाड़, नागौर और श्रीगंगानगर में 28 भूखंड किराये के आधार पर आवंटित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, जयपुर के सीतापुरा स्थित फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स में गारमेंट एवं अपैरल, जेम्स एंड ज्वैलरी तथा आईटी क्षेत्र के उद्योगों के लिए प्लग एंड प्ले मॉड्यूल्स का लाइसेंस शुल्क आधार पर ई-नीलामी से आवंटन किया जा रहा है। इस पहल से उद्यिमयों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त तैयार औद्योगिक परिसर मिल सकेंगे। रीको का उद्देश्य बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराकर प्रदेश में निवेश, औद्योगिक विकास और रोजगार के नए अवसरों को बढ़ावा देना है।

नकबजन गैंग के मुख्य सरगना सहित 2 बदमाश गिरफ्तार

जयपुर। शिप्रापथ थाना पुलिस ने बंद मकानों को निशाना बनाने वाली एक शातिर नकबजन गैंग का पर्दाफाश करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरोह के मुख्य सरगना सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि उनके एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी हुआ माल और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई है।पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि 28 सितंबर को गायत्री नगर- , महारानी फार्म, दुर्गापुरा निवासी पराग कछवाहा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़ित के अनुसार, 26 सितंबर को वे परिवार के साथ निजी काम से पुष्कर गए थे। 27 सितंबर की रात करीब 2:25 बजे अज्ञात चोर बाउंड्री वॉल फांदकर घर में घुसे और ताले तोड़कर लैपटॉप, टैबलेट, मोबाइल, स्पीकर व चांदी के जेवरात चुरा ले गए।

पंचायत चुनावों में निकाय चुनाव की प्रचंड विजय को दोहराएगी भाजपा : मदन राठौड़

जयपुर । राजस्थान में पंचायतीराज में 1 लाख 55 हजार से अधिक जनप्रतिनिधियों के होने वाले चुनाव के लिए भाजपा ने कमर कस ली है। प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि भाजपा सरकार ने पिछले चुनाव से 20 प्रतिशत से अधिक जनप्रतिनिधियों की भागीदारी इस चुनाव में बढ़ाई है। इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश प्रभारी संजय भाटिया, सह प्रभारी कुलजीत चहल, कविता पाटीदार, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने जिलों में प्रवास कर कार्यकर्ताओं से संवाद किया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए संभाग स्तरीय चुनाव संचालन समिति का गठन किया गया है। मदन राठौड़ ने बताया कि पिछले 31 माह में राजस्थान के कांग्रेसी कुशासन से मुक्ति के बाद भजनलाल सरकार ने ग्रामीण विकास को नई गति प्रदान की है। जिस प्रकार शहरी निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जनता के आशीर्वाद से प्रचंड बहुमत मिला, उसी प्रकार पंचायती राज चुनावों में भाजपा ऐतिहासिक सफलता हासिल करेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि जिस प्रकार निकाय चुनाव में बूथ तक पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सक्रिय होकर सहभागिता निभाई और उनके फीडबैक के आधार पर प्रत्याशियों का चयन किया गया था, उसी प्रकार पंचायती राज में चुनावी रणनीति के अनुसार काम करने की योजना बनी है। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि जयपुर संभाग में ओंकार सिंह लखावत, डॉ. अल्का गुर्जर और शंकर सिंह राजपुरोहित को शामिल किया गया है।

गर्भवती महिलाओं को समय पर अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था मजबूत करें : मुख्य सचिव

उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए

जयपुर । मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शनिवार को शासन सचिवालय में 104 जननी एक्सप्रेस सेवा के संचालन एवं प्रबंधन की समीक्षा करते हुए गर्भवती महिलाओं, विशेषकर उच्च जोखिम वाली महिलाओं को समय पर अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने मातृ स्वास्थ्य सेवाओं और जननी एक्सप्रेस के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया।

मुख्य सचिव ने प्रत्येक एम्बुलेंस के उपयोग का नियमित आकलन करने, मैदानी स्तर से रिपोर्ट लेने तथा कॉल सेंटर में सहायता के लिए आने वाले फोन से लेकर एम्बुलेंस उपलब्ध कराने तक की प्रक्रिया की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कॉल रिकॉर्ड और मासिक रिपोर्ट की समीक्षा प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य निदेशक के स्तर पर सुनिश्चित करने को कहा, ताकि जरूरतमंद महिलाओं को समय पर परिवहन सुविधा मिल सके। बैठक में एम्बुलेंस सेवा के आगामी संचालन के लिए खुली निविदा अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के माध्यम से संचालन के विकल्पों पर भी चर्चा हुई।



मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शनिवार को शासन सचिवालय में 104 जननी एक्सप्रेस सेवा के संचालन एवं प्रबंधन की समीक्षा की। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ. जोगाराम और चिकित्सा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ मौजूद थे।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ. जोगाराम ने बताया कि प्रदेश में जननी एक्सप्रेस सेवा के तहत 600 एम्बुलेंस उपलब्ध हैं। जनवरी 2021 से 10 दिसंबर 2025 तक 18 लाख 86 हजार 48 लाभार्थियों को इस सेवा का लाभ मिला। वर्तमान में सेवा का संचालन राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी के माध्यम से किया जा रहा है। जुलाई 2026 से सभी 600 एम्बुलेंस पूर्ण रूप से संचालित हैं।

बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री ए. राठौड़, वित्त विभाग के प्रतिनिधि, निदेशक जन स्वास्थ्य, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अतिरिक्त मिशन निदेशक, निदेशक वित्त, परियोजना निदेशक, भंडार अधिकारी और राज्य नोडल अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

''स्वच्छ फुलेरा-स्वस्थ फुलेरा''
प्ररूप-10
नियम 6 (7) देखिए
प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय, नगर पालिका मण्डल, फुलेरा
क्रमांक / न.पा.फु./2026-27/2472 दिनांक 01/10/26

लोक सूचना

श्री नीतिश कुमार पुत्र श्री रघुनाथ निवासी ढाणी चांदमारी, फुलेरा जिला जयपुर राज. ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग (कृषि जिन्सो हेतु बनाये जाने वाले वेयर हाउसिंग एण्ड कोल्ड स्टोरेज) हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया हैं, अर्थात् :-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा नं.	क्षेत्र
जिला जयपुर जयपुर तहसील फुलेरा	फुलेरा	खसरा न. 1502/52 (1 खसरा)	0.1896 हैक्टेयर अर्थात् 1896 वर्गमीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोगार्थ हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 01.10.26 को जारी की गयी।
(महिमा सोनी) प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिका मण्डल फुलेरा

''स्वच्छ फुलेरा-स्वस्थ फुलेरा''
प्ररूप-10
नियम 6 (7) देखिए
प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय, नगर पालिका मण्डल, फुलेरा
क्रमांक / न.पा.फु./2026-27/2474 दिनांक 01/10/26

लोक सूचना

श्रीमती रामेश्वरी देवी पत्नि श्री रघुनाथ निवासी ढाणी चांदमारी, फुलेरा जिला जयपुर राज. ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग (कृषि जिन्सो हेतु बनाये जाने वाले वेयर हाउसिंग एण्ड कोल्ड स्टोरेज) हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया हैं, अर्थात् :-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा नं.	क्षेत्र
जिला जयपुर जयपुर तहसील फुलेरा	फुलेरा	खसरा न. 1503/52 (1 खसरा)	0.5940 हैक्टेयर अर्थात् 5940 वर्गमीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोगार्थ हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 01.10.26 को जारी की गयी।
(महिमा सोनी) प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिका मण्डल फुलेरा